तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 19 जनवरी 2026

4
65 शिक्षक हुए योग के सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान से रूबरू





## खबर संक्षेप

### होटल मैनेजमेंट कोर्स से संवरेगी युवाओं की जिंदगी

**सारंगढ़।** नया रायपुर स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के अधीन यह संस्थान राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी परिषद से संबद्ध हैए जहां 100 प्रतिशत प्लेसमेंट के साथ युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की नौकरियां मिल रही हैं। इस कोर्स से राजभवन, सीएम हाउस और विश्राम गृह में सरकारी नौकरी भी मिल सकती है। स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रायपुर, छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग द्वारा संचालित एक अग्रणी संस्थान है। सभी पाठ्यक्रमों हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना उपलब्ध है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की हॉस्पिटैलिटी शिक्षा प्रदान करती है। संस्थान डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स सहित व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करता हैए जिनमें फूड प्रोडक्शन, बेकरी, हाउसकीपिंग आदि शामिल हैं। डेढ़ वर्ष की डिप्लोमा ट्रेनिंग के बाद छात्र पांच सितारा होटलों में कार्यरत हो जाते हैं। तीन वर्षीय डिग्री पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों को शुरूआत में 15-25 हजार स्टाइपेंड मिलता है। संस्थान द्वारा तीन वर्षीय पूर्णकालिक बीएससी हॉस्पिटैलिटी एवं होटल एडमिनिस्ट्रेशन की 80 सीटों में भर्ती होगी।

### कोर्ट की रोक से आरएसपी की कार्रवाई पर ब्रेक

**राउरकेला।** सेक्टर 4 स्थित लीला होटल के ध्वस्तीकरण और उससे जुड़ी नीलामी प्रक्रिया के मामले में राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सुंदरगढ़ जिला अदालत ने होटल की सामग्री की नीलामी संबंधी आरएसपी की योजना पर रोक लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि मामले के अंतिम निपटारे तक कोई भी अग्रिम कार्रवाई न की जाए।

उल्लेखनीय है कि भूमि किराया बकाया को लेकर लीला होटल के मालिक और आरएसपी के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। इसी विवाद के बीच बीते 2 जुलाई को आरएसपी प्रबंधन ने विवादास्पद परिस्थितियों में लीला होटल को ध्वस्त कर वहां रखी सामग्री अपने कब्जे में ले ली थी। आरएसपी का दावा है कि दुकान और जमीन के किराये के रूप में होटल पर लाखों रुपये बकाया हैंए जिसकी वसूली के लिए होटल में मौजूद सामग्री की नीलामी की योजना बनाई गई थी। इससे पहले, अक्टूबर माह में एस्टेट कोर्ट ने होटल में मौजूद सभी चल संपत्तियों की नीलामी की अनुमति दी थी, लेकिन किसी कारणवश आरएसपी प्रबंधन ने उस आदेश को तत्काल लागू नहीं किया। लगभग तीन महीने बाद, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आरएसपी के एस्टेट विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सील किया गया गेट खोलकर होटल परिसर में प्रवेश कर गए। घटना की जानकारी मिलते ही होटल मालिक ने सेक्टर 3 थाने में शिकायत दर्ज कराई। अदालत में मामला विचाराधीन होने के बावजूद कानून हाथ में लेने के आरोप के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी सख्ती के चलते नीलामी प्रक्रिया रोकनी पड़ी।

### शांति शोभायात्रा में सद्भाव भाईचारे का दिया संदेश

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ टाउन के रीजेंट मार्केट में 15 जनवरी को दो समूहों के बीच हुई हिंसक घटना के बाद शहर में हालात धीरे.धीरे सामान्य हो रहे हैं। हालांकि स्थिति पर कड़ी निगरानी के बीच अब भी कुछ क्षेत्रों में तनाव का माहौल बना हुआ है। इसी पृष्ठभूमि में शहर में पूरी तरह शांति बहाल करने और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार 18 जनवरी को जिला प्रशासन की ओर से शांति शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शांति शोभायात्रा में जिलाधिकारी डॉ. शुभंकर महापात्र, पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर, उप जिलाधिकारी, अतिरिक्त जिलाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जिला स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### खरीफ के लिए चार तो रबी के लिए तीन फसल अधिसूचित

# सरकारी से ज्यादा खुले बाजार में मिल रही है कीमत, पीएम आशा में रुचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

पीएम आशा (प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान) में पंजीयन के लिए किसानों को रुचि ही नहीं है। वजह सरकार ने दलहन-तिलहन के लिए जो कीमत तय किया है वह बाजार से काफी कम है। दूसरी ओर जिले में केवल 9 समितियों को ही खरीदी के लिए अधिकृत किया गया है। ऐसे में जहां किसानों को अपनी उपज बिक्री करने के लिए दूर जाना पड़ेगा। वहीं कीमत में भी कम मिलेगी। बाजार से करीब 20-25 रुपए सरकारी कीमत कम है। इसके कारण पंजीयन काफी कम संख्या मे किसानों का पंजीयन हो रहा है। खरीफ के लिए किसानों का पंजीयन जनवरी भर तो रबी सीजन का पंजीयन फरवरी में होगा।

किसानों की आय बढ़ाने और उसे संरक्षण देने के नाम पर शुरु की गई पीएम आशा अभियान को जिले में पलीता लग सकती है। इस योजना के तहत किसानों द्वारा लिए गए दलहन-तिलहन को समर्थन मूल्य पर खरीदी करना है। हालांकि हर साल दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य घोषित की जाती है, लेकिन खरीदी कभी होती नहीं है। क्योंकि बाजार से काफी कम कीमत होती है। इस साल खरीफ सीजन के लिए चार और रबी के लिए तीन फसलों को इस योजना के तहत खरीदी करने के लिए अधिसूचित की गई है। किसानों को एग्रीस्टेक में पंजीयन कराना जरुरी है। पंजीयन नहीं होने की स्थिति में खरीदी नहीं होगी। खरीफ में अरहर, उड़द, मूंग और मूंगफली तो रबी में सरसों, मसूर और चने की खरीदी होगी। दूरी की वजह से किसानों को दिक्कत होगी। किसानों का उपज घर में ही अच्छी कीमत में बिक रही है। इसलिए किसान पंजीयन नहीं करा रहे है।

#### जनवरी में खरीफ तो रबी के लिए फरवरी में होगा पंजीयन

#### जिले की केवल 9 समितियो को खरीदी के लिए की गई है अधिकृत



#### सरकारी कीमत ऐसे की गई है तय

| | | | |
|---|---|---|---|
| मूंग - | 8 हजार 768 | चना - | 5 हजार 875 |
| उड़द - | 7 हजार 800 | मसूर - | 7 हजार |
| मूंगफली - | 7 हजार 263 | सरसों - | 6 हजार 200 |

#### ऐसे लगा है रबी सीजन में अधिसूचित फसल

रबी सीजन के लिए तीन फसल को अधिसूचित की गई है। इसमें रबी में सरसों, मसूर और चना शामिल है। इसमें इस बार रबी सीजन में जिले में चने का रकबा 4.000 हेक्टेयर सरसों 21.120 हेक्टेयर और मसूर 1.940 हेक्टेयर में लगा है। इसी तरह खरीफ में अरहर, उड़द, मूंग और मूंगफली अधिसूचित की गई है। अरहर 1.725 उड़द 7.039 मूंग 0.916 और मूंगफली 1.972 हेक्टेयर में लगी थी।

#### ऐसे किया गया है समर्थन मूल्य तय

पीएम आशा में खरीदी के लिए जो सरकारी कीमत तय की गई है उसमें अरहर 8 हजार प्रति क्विंटल, याने 80 रुपए किलो मिलेगा। जबकि बाजार में 100-120 तक बिक रही है। खास बात यह है कि इसके लिए कहीं जाने की जरुरत किसानों को नहीं पड़ती बल्कि व्यापारी घर से आकर ले जाते हैं। मूंग की कीमत 8 हजार 768 और उड़द का दाम 7 हजार 800 तय की गई है। इसी तरह मूंगफली की कीमत 7 हजार 263 तय की गई है। चना 5 हजार 875, मसूर 7 हजार और सरसों का दाम 6 हजार 200 घोषित की गई है। सरसों को छोड़कर बाकी सभी उपज की कीमत सरकारी दर से 20-25 रुपए अधिक मिल रही है।

#### इन समितियों में होगी खरीदी

पीएम आशा अभियान के तहत दलहन-तिलहन खरीदी के लिए जिले में 9 समितियों को अधिकृत की गई है। इसमें खरसिया के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति मूरा, पुसौर में कोड़ातराई, रायगढ़ कोतरा, घरघोड़ा में कुडुमकेला और घरघोड़ा, लैलूंगा में प्राथमिक सेवा सहकारी समिति लैलूंगा, तमनार में तमनार और धरमजयगढ़ में छाल और धरमजयगढ़ शामिल है। हालांकि किसानों के इन सेंटरों में पहुंचने में काफी समय लगेगा, कारण है दूरी।



## तमनार नपं की अधिसूचना जारी अब ग्रामीण कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

ग्राम पंचायत तमनार और ग्राम पंचायत बासनापाली को जोड़कर नगर पंचायत तमनार बनाने को लेकर राजपत्र में प्रकाशन के बाद ग्रामीण लगातार विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण अब नगर पंचायत में नहीं रहना चाह रहे हैं। गांव में 1408 जनसंख्या के साथ 10 वार्ड शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर नगर पंचायात में शामिल होने के बाद हर छोटे निर्माण कार्यों के लिए अनुमति के साथ टैक्स भी देना पड़ेगा , जिसे लेकर ग्रामीण राजी नही हैं। शनिवार को गांव में पेशा कानून के तहत आयोजित ग्रामसभा में भी 815 ग्रामीणों ने नगर पंचायत नहीं बनाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। तमनार और बासनपाली के निवासियों का कहना है कि वे अपनी पारंपरिक व्यवस्था के साथ खुश हैं और शहरी निकाय के नियमों में बंधना नहीं चाहते। ग्रामीणों की नाराजगी का एक बड़ा कारण आर्थिक दबाव भी है।

#### सहज सुलभ के बजाए कठिन हो जाएगी प्रक्रिया

नगर पंचायत बनते ही पूरे क्षेत्र में शहरी टैक्स लागू हो जाएंगे। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि ग्राम पंचायत में जो सुविधाएं सहज उपलब्ध हैं, नगर पंचायत में उनके लिए मोटी फीस और टैक्स चुकाना पड़ेगा। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले छोटे-मोटे निर्माण कार्यों के लिए भी नक्शा पास कराना और अनुमति लेना अनिवार्य हो जाएगा, जो यहाँ के लोगों के लिए मानसिक और आर्थिक परेशानी का सबब बनेगा।

#### मैं ग्रामीणों के साथ : सरपंच बासनपाली

इस संबंध में ग्राम बासनपाली की महिला सरपंच सविता ठाकुर का कहना है कि सभी ग्रामीण नगर पंचायत में नहीं जाना चाह रहे हैं। मैं ग्रामीणों के साथ हूं। इसीलिए हम ग्रामीण गांव में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए थे। अगर नगर पंचायत बन जाएगा तो ग्रामीणों को हर निर्माण के लिए अनुमति और हर जरूरी चीज के लिए टैक्स पटाना पड़ेगा जो गरीबों के लिए उचित नहीं है।

## नाबालिग को प्रेमजाल में फंसा कर भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करते हुए उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को दीनदयाल कॉलोनी से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते 1 दिसंबर को बालिका की मां द्वारा थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी नाबालिग बेटी 20 नवंबर को दीदी के घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा गुम बालिका और संदेही की लगातार पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान रविवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कोतरारोड़ पुलिस टीम ने दीनदयाल कॉलोनी, ढिमरापुर चौक से बालिका को आरोपी नरेश तिग्गा 26 के कब्जे से दस्तयाब किया। आरोपी और अपहता को थाना लाकर पूछताछ की गई। अपहता ने अपने कथन में बताया कि आरोपी नरेश तिग्गा से उसका प्रेम संबंध था। आरोपी उसे शादी का झांसा देता था और 20 नवम्बर की शाम दीदी के घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने उसे दीनदयाल कॉलोनी स्थित किराये के मकान में रखा और इस दौरान लगातार शारीरिक संबंध बनाए। आरोपित के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट की धाराएं विस्तारित की गई। प्रकरण में पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी नरेश तिग्गा पिता को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## गेंदे की खेती से मिली देवानंद को पहचान, बढ़ गया मुनाफा

**सारंगढ़।** जीवनदायिनी महानदी किनारे बसे ग्राम बरगांव के कृषक देवानंद निषाद पिता मोहरसाय ने वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार में गेंदा की खेती किया है। किसान देवानंद ने कहा किए मैं ग्राम बरगांव का निवासी हूं। मैं उद्यान विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर विगत 02 वर्षो से रबी मौसम में गेंदा की खेती कर रहा हुए जिससे मुझे एक एकड़ में 2.5 लाख का शुध्द लाभ मिलता है। पहले मैं गेंदा के स्थान पर रबी फसल में धान लगाता था जिससे प्रति एकड़ 20 क्विंटल उत्पादन होता था प्रति एकड़ लागत 15000 लगता था तथा लाभ 35000 मिलता था, लेकिन गेंदा फसल में कुल सिंचित रकबा 0.410 हेक्टेयर प्रति एकड़ 50 हजार लागत में उत्पादन 3750 किलोग्राम में 80 प्रति किलो और वर्ष में 3 लाख की आमदनी हुई है। प्रतिदिन 60, 70 किलो गेंदा फूल को रायगढ़ फूल बाजार में बेचने जाता हूं। गेंदा की फसल से मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी बढ़ गई है।



### ट्रेलर की टक्कर से हाइवा चालक की मौत

**रायगढ़।** जुटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। ट्रेलर चालक ने हाईवा को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हाईवा वाहन में फंसकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के दुलदुला निवासी 32 वर्षीय जगदेव कुमार सिंह शनिवार रात हाईवा से चंद्रपुर की ओर जा रहा था। कुंजेडबरी के पास सामने से आ रहे ट्रेलर चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए हाईवा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हाईवा चालक गंभीर रूप से घायल होकर केबिन में फंस गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसके बाद जूटमिल पुलिस को हादसे की सूचना दी गई। इस दौरान पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल जगदेव कुमार को किसी तरह केबिन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने शुरुआती इलाज के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा किया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## निगम ने ली सुध, खर्राघाट पुल से हटवाई निर्माण सामग्री

- क्षेत्रवासियों ने ली राहत की सांस, पार्षद ने जताया आभार
- हरिभूमि ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था




खर्राघाट बना हादसों का पुल, हर दिन खतरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जनहित से जुड़े मुद्दे को लेकर 16 जनवरी को हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद निगम प्रशासन तत्काल हरकत में आ गया। अधिकारियों द्वारा फटकार लगाने के बाद लापरवाह ठेकेदार ने खर्राघाट पुल के उपर से निर्माण सामग्री को हटवा दिया है। जिससे क्षेत्रवासी व राहगीरों ने राहत की सांस ली है। वहीं स्थानीय पार्षद ने हरिभूमि का आभार जताया है।

नगर निगम द्वारा खर्राघाट रपटा और पुल के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण का ठेका 90 लाख रुपए में बाराद्वार के संजय कुमार केड़िया को दिया गया है। ठेकेदार द्वारा शुरू से ही रपटा के जीर्णोद्धार में लेटलतीफी व लापरवाहीपूर्वक काम किया गया। रपटा के नवनिर्मित सड़क पर निकल आए दरारों पर भी स्थानीय जनप्रतिनिधि व लोगों ने सवाल उठाया, लेकिन निगम के अधिकारी शांत रहे। वहीं वर्तमान में ठेकेदार द्वारा खर्राघाट पुल के उपर पाथवे बनाने का काम किया जा रहा है। जिस वजह से ठेकेदार पुल के उपर ही कब्ज़ा कर निर्माण सामग्री रेत, ईंट, गीट्टी को डंप कर आवागमन को बाधित कर रहा था, जिससे आए दिन यहां हादसों में लोग घायल हो रहे थे। लोगों की तकलीफो को देखते हुए कुछ दिन पूर्व ही हरिभूमि ने अपने अख़बार में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। हरिभूमि में छपी खबर के बाद निगम प्रशासन नींद से जागा और अधिकारियो ने ठेकेदार की क्लास ली। इसका नतीजा यह निकला कि ठेकेदार ने पुल के उपर डंप निर्माण सामग्री को हटवा दिया है। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है और हरिभूमि के इस पहल को सराहा है।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद निगम के अधिकारियों ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया और उनकी फटकार के बाद ठेकेदार ने अपनी लापरवाही को सुधारा है। इसके लिए हरिभूमि का दिल से धन्यवाद।

**अजय शंकर मिश्रा**
**पार्षद, वार्ड क्रमांक 21**

पिछले कई सप्ताह से खर्राघाट पुल के उपर निर्माण सामग्री डंप था। जिससे आवागमन में काफ़ी परेशानी हो रही थी। हरिभूमि के माध्यम से अधिकारियों तक बात पहुंची और हमारी समस्या का समाधान हुआ।

**विद्या साहू, स्थानीय निवासी**

खर्राघाट पुल के उपर डंप निर्माण सामग्री की वजह से रोजाना हादसे हो रहे थे। इस मार्ग में बच्चों के लेकर चलना किसी खतरे से कम नहीं था। हरिभूमि ने जनता की परेशानियों को समझा इसके लिए आभार।

**आशीष कुजूर, स्थानीय निवासी**

### छमाही परीक्षा की कॉपी जहां गई थी वहां नहीं भेजेंगे

# दूसरे स्कूलों में होगी प्री बोर्ड कॉपी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

- चार दिन पहले हो चुकी है प्री बोर्ड की परीक्षाएं

10-12 वीं के बच्चों का बोर्ड के पहले प्री बोर्ड परीक्षा ली जा रही है। इसकी कॉपी भी स्कूल के बजाए दूसरे स्कूलों में जांच होगी। छमाही परीक्षा की कॉपी जहां जांच गई थी, वहां प्री बोर्ड की कॉपी नहीं जाएगी। कुछ स्कूल ब्लॉक बदल रहे हैं तो कुछ संकुल।

जिले में चार दिन पहले प्री बोर्ड परीक्षा चालू हो गई है। इस परीक्षा का उद्देश्य बोर्ड की तैयारी में मदद है। चूंकि 20 फरवरी से बोर्ड की परीक्षाएं चालू हो जाएंगी। याने तैयारी के लिए अब केवल एक महीने का ही समय बाकी है। ऐसे में प्री बोर्ड परीक्षा के लिए बच्चे तैयारी कर रहे हैं, यह बोर्ड की तैयारी ही है। खास बात यह है कि इस परीक्षा की कॉपी जांच के लिए दूसरे स्कूलों में जाएगी। इसके बाद परिणाम तैयार किया जाएगा। छमाही परीक्षा में आसपास के स्कूलों में कॉपी भेजी गई थी, लेकिन अभी संकुल और ब्लॉक दोनों बदला जा रहा है। ताकि कॉपियों की जांच निष्पक्ष हो सके।



#### कमजोर को और कमजोर करने की कोशिश

शिक्षा विभाग के अधिकारी भी प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर काम कर रहे हैं। इसकी बानगी हाल ही में आयोजित छमाही परीक्षा परिणाम के बाद देखी गई। इसमें जिन बच्चों का स्कोर 90 फीसदी था उन बच्चों का स्कोर बोर्ड में भी ऐसे ही बना रहे इसके लिए बाकायदा तीन दिन का वर्कशॉप रखी गई थी। याने जो बच्चे 90 फीसदी स्कोर नहीं कर सकते वो छात्र-छात्राएं शिक्षा विभाग के प्राथमिकता में ही नहीं हैं। याने कमजोर है तो उसे कमजोर ही रहने दें। ऐसे बच्चों के मन में किस तरह का प्रभाव पड़ेगा यह अधिकारियों ने सोचने की जहमत ही नहीं उठाई। 10-12 वीं में 90 फीसदी स्कोर करने वाले केवल गिनती के ही थे। बाकी बच्चों को शिक्षा विभाग कमजोर मानता है। यह भी सवाल है कि शिक्षा गुणवत्ता के नाम पर इतना ताम-झाम किया जा रहा है, लेकिन इसका परिणाम जीरो है।

## ग्राम महलोई में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत तमनार की ग्राम पंचायत महलोई में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। जोबरो, पालीघाट, पड़ीगांव, तमनार रोड स्थित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एफएसटीपी को सफलतापूर्वक कार्यात्मक कर दिया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित सेप्टिक टैंकों की डी-स्लजिंग कर फीकल स्लज के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित उपचार की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

ग्राम पंचायत महलोई में स्थापित यह एफएसटीपी 3 केएलडी (किलोलीटर प्रतिदिन) क्षमता का है, जिसका निर्माण लगभग 37 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इस संयंत्र का संचालन एवं रखरखाव ग्राम पंचायत महलोई द्वारा स्वयं किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर स्वच्छता प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा और पंचायत की भूमिका और अधिक सशक्त होगी। डी-स्लजिंग कार्य के दौरान नगर पंचायत घरघोड़ा के सीएमओ घरघोड़ा का सहयोग मिला । जिससे कार्य को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सका। एफएसटीपी के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। साथ ही यह पहल स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी।



## खबर संक्षेप

### संकुल स्तर पर दो शिक्षकों को दी गई विदाई



**जशपुरनगर।** जिले के संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सरनाटोली की प्रधान पाठक कमला भगत एवं शासकीय प्राथमिक शाला तेलीटोली के प्रधान पाठक देवकुमार भगत की संकुल स्तर पर गरिमामय एवं भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर देवकुमार भगत स्वास्थगत कारणों से कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, जिससे संकुल के शिक्षकों द्वारा उनके निवास पर जाकर उनसे भेंट की गई और सम्मान प्रकट किया गया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और दोनों शिक्षकों के दीर्घ, प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय सेवाकाल की सराहना की गई।

### अंजुमन कमेटी इस्लामिया के सहाबू बने सदर

**जशपुरनगर।** जिले के सन्ना में अंजुमन कमेटी इस्लामिया का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। यह चुनाव सन्ना में पहली बार सदर, सेक्रेटरी और खजांची तीनों पदों के लिए कराए गए, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। जानकारी के अनुसार सदर पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इसी तरह सेक्रेटरी और खजांची पद के लिए भी दो-दो उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान प्रक्रिया रविवार सुबह 10 बजे शुरू हुई और दोपहर 3 बजे तक शांतिपूर्वक चली। मतदान के बाद हुई मतगणना में सन्ना की आवाम ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सदर पद के लिए सहाबू खान, सेक्रेटरी पद के लिए मंजर खान, खजांची पद के लिए गुलाम अहमद को विजयी बनाया।

### मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**अंबिकापुर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समस्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के ऐसे छात्र-छात्राएं जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है एवं 17 आयु वर्ग के वे सभी जो 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे, उनका फार्म 6 का अग्रिम आवेदन प्राप्त कर ऑनलाइन भरवाए जाने हेतु योगेश मिश्रा एवं रवि तिवारी सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मतदाता अभियान के तहत समस्त महाविद्यालयों में 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में ऐसे छात्र-छात्राएं जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु फार्म 6 भराए जाने सम्बन्धी कार्यवाही हेतु समस्त नोडल प्राध्यापक स्वीप को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सनावल थाना अंतर्गत ग्राम कोमेश्वरनगर निवासी विनोद कुमार आ. राम बचन सिंह (25 वर्ष) शुक्रवार को बाइक से ग्राम डिन्डो क्रिकेट खेलने गया था। शाम को बाइक से अकेल घर आ रहा था और जैसे ही सनावल मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### नेशनल पार्क से लकड़ी तस्करी, एमपी में कार्रवाई

**बिहारपुर।** गुरूघासी दास नेशनल पार्क प्रबंधन रिहंद जंगल से लगातार हो रही अवैध चिरान की तस्करी को रोकने के लिए कोई कारगर पहल नहीं कर रहा है वहीं सीमावर्ती सिंगरौली वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र माड़ा के वन अमले ने बीती रात लकड़ी तस्कर की बाइक को जब्त किया है। गुरू घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते चिरान की अवैध तस्करी की सूचना पर बीती रात 2 बजे सीमावर्ती माड़ा रेंजर पुष्पा सिंह के नेतृत्व में वन अमले ने मकरोहर सर्किल अंतर्गत धरी बीट का गश्त कर रही थी। इस दौरान वन अमले ने एक संदिग्ध बाइक को रोका तो आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग निकला।

# हिमालय से हजारों किलोमीटर की उड़ान भरकर नीमगांव बांध पहुंचे विदेशी पक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- विदेशी प्रवासी पक्षी बने आकर्षण का केंद्र
- वन विभाग की ओर से विकसित किया जा रहा,पक्षी बिहार

हिमालय क्षेत्र से हजारों किलोमीटर की लंबी उड़ान भरकर विदेशी प्रवासी पक्षी हर सर्दी में नीमगांव बांध पहुंचते हैं।इस सर्दी में भी प्रवासी पक्षियों का आगमन हो चुका है,इनके आगमन से यह जलाशय एक बार फिर जीवंत हो उठा है और पूरा इलाका पक्षियों की चहचहाहट से गुलजार हो रहा है। हर साल की तरह इस बार भी भोजन, सुरक्षा और प्रजनन के लिए ये पक्षी हिमालय की कड़ाके की ठंड से बचकर यहां आते हैं।



जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित नीमगांव बांध सर्दियों के मौसम में प्रवासी पक्षियों का प्रमुख ठिकाना बन चुका है। पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों में इसे लेकर खासा उत्साह है, विशेषकर बांध के समीप प्रस्तावित पक्षी अभयारण्य के निर्माण से संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वनमण्डलाधिकारी जशपुर शशि कुमार ने बताया कि इस सर्दी में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी नीमगांव बांध पहुंचे हैं। वन विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, इस क्षेत्र में लगभग 120 से 130 प्रजातियों के पक्षी देखे जा सकते हैं। इनमें विदेशी प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ स्थानीय और अन्य क्षेत्रीय प्रजातियां भी शामिल हैं।डीएफओ शशि कुमार ने बताया , नीमगांव बांध में हिमालय क्षेत्र की कई दुर्लभ और आकर्षक प्रवासी प्रजातियां देखी जा रही हैं, जिनमें सलहक, ब्राह्मणी बत्तख, बार-हेडेड गूज, फ्लेमिंगो, पिंटेल, यूलैंड हेडेड स्टार और लिटिल कोरीडोव प्रमुख हैं। इन प्रजातियों की मौजूदगी इस क्षेत्र के समृद्ध पारिस्थितिक तंत्र को दर्शाती है। बांध के पास पक्षी विहार बनाया जा रहा है जिसमें पक्षी प्रेमियों , व पर्यटक पक्षियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### पर्यटक और पक्षी विशेषज्ञ पहुंच रहे नीमगांव जलाशय

नीमगांव के सरपंच नागेंद्र भगत ने कहा कि यह बांध अब विदेशी प्रवासी पक्षियों का बड़ा आकर्षण केंद्र बनता जा रहा है, जिससे न केवल स्थानीय लोगों बल्कि अन्य जिलों और राज्यों से भी पर्यटक और पक्षी विशेषज्ञ यहां पहुंच रहे हैं। हर साल 15 नवंबर से विदेशी प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो जाता है, जो फरवरी माह तक यहां प्रवास करते हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग इस मनोहारी दृश्य को देखने पहुंचते हैं।

### पक्षी मित्रों ने गिधवा परसदा से ली ट्रेनिंग

वन मंडल जशपुर की ओर से नीम गांव के पक्षी मित्रों को प्रशिक्षण के लिए गिधवा परसदा रायपुर भेजा गया। वहां उन्होंने पक्षी संरक्षण का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस प्रशिक्षण में नीम गांव के विशाल भगत, अजय भगत, परमेश्वर भगत, आतिश कुमार भगत, बिंदेश्वर राम भगत एवं शीतल भगत शामिल रहे।पक्षी मित्रों ने गिधवा परसदा क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों के साथ-साथ अन्य स्थानीय एवं क्षेत्रीय पक्षी प्रजातियों की पहचान, उनके आगमन काल और संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

### 108 एंबुलेंस की देरी से भड़का आक्रोश, ग्रामीणों ने निजी वाहनों से पहुंचाया अस्पताल

# कुत्ते को बचाने के फेर में पलटी यात्री बस, 22 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रविवार सुबह करीब 8 बजे जय श्री बालाजी यात्री बस अपने निर्धारित समय पर माटीपहाड़छर्रा से जशपुर की ओर रवाना थी। फरसाबहार थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकिरमा चौक से पहले बागमड़ा जंगल में अचानक सड़क पर कुत्ता आ जाने से उसे बचाने के प्रयास में चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। ढलान और तेज रफ्तार के चलते बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद बस के पहिए ऊपर की ओर हो गए और भीतर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर आसपास के गांवों के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पलटी बस में फंसे यात्रियों को देखकर ग्रामीणों ने बिना देर किए शीशे और दरवाजे खोलकर सभी को बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बस में सवार 22 से 25 यात्री घायल हो गए।



#### युवाओं ने दिखाई इंसानियत

घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए 108 एंबुलेंस को तुरंत सूचना दी गई, लेकिन काफी देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। स्थिति बिगड़ती देख गांव के युवाओं ने निजी वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। करीब सुबह 9.15 बजे फरसाबहार, बगिया, बागबहार और कोतबा से चार एंबुलेंस एक साथ मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों का आरोप है कि घटनास्थल फरसाबहार से मात्र 12 किमी दूर होने के बावजूद वहां की एंबुलेंस समय पर नहीं आई, जबकि 25–30 किमी दूर से आई एंबुलेंस एक साथ पहुंच गईं। देरी का कारण एंबुलेंस चालक द्वारा "वाहन स्टार्ट की समस्या" बताया गया, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया।

#### समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंची मिली

ग्राम झारमुंडा में बाइक हादसे के बाद घायल को निजी वाहन से ले जाना पड़ा। ओडिशा सीमा से सटे इस क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों की मांग है कि पीएचसी भेलवा में 108 एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाए, ताकि सागजोर, कोरंगामाल, पेरवाआरा, लावाकेरा, बाबूसाजबहार, खारीबहार, तुमला सहित दर्जनों गांवों को समय पर इलाज मिल सके।

#### बसों की फिटनेस जांच की मांग

हादसे के बाद ग्रामीणों ने ग्रामीण इलाकों में चलने वाली यात्री बसों की नियमित फिटनेस जांच की मांग उठाई। उनका कहना है कि फिटनेस जांच न होने से अनफिट बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बसें ही ब्लॉक और जिला मुख्यालय तक आने-जाने का मुख्य साधन हैं और हजारों लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी इन्हीं पर निर्भर है।

#### एक महिला को गंभीर चोट

कई यात्रियों को अंदरूनी चोटें आईं, जबकि एक महिला के सिर में गंभीर चोट की जानकारी सामने आई है। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार भेजा गया।

#### थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे

सूचना मिलते ही फरसाबहार थाना प्रभारी विवेक भगत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाने वाले ग्रामीण युवाओं की सराहना की और दुर्घटनाग्रस्त बस हटवाने की व्यवस्था कराई। कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 4.30 बजे बस हटाकर यातायात बहाल किया गया।

#### ढलान पर तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटनास्थल ढलान पर है और बस की रफ्तार तेज थी। अचानक सामने आए कुत्ते को देखकर चालक घबरा गया और संतुलन बिगड़ते ही बस पलट गई।

#### पूर्वी फरसाबहार में एंबुलेंस की भारी कमी

ग्रामीणों ने बताया कि फरसाबहार विकासखंड के पूर्वी क्षेत्र में एंबुलेंस की समस्या लंबे समय से बनी है।जिसको साक्छम अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को संज्ञान।में लेना चाहिए।

# ट्रक-वैगनआर की आमने-सामने भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कार के उड़े परखच्चे चेटबा निवासी युवक की हालत नाजुक

नेशनल हाईवे-43 पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बेलाघाट के पास सुबह करीब 11 बजे तेज रफ्तार ट्रक और वैगनआर कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैगनआर के परखच्चे उड़ गए और चालक कार में बुरी तरह फंस गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वैगनआर कार (सीजी 14 एमयू 0838 कांसाबेल की ओर जा रही थी। इसी दौरान जशपुर की ओर से आ रहे ट्रक डब्लूबी 11 एफ 6918 ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।



#### घायल युवक की पहचान

हादसे में घायल युवक की पहचान पवन गुप्ता उम्र 27 वर्ष, पिता बजरंग गुप्ता, निवासी चेटबा के रूप में हुई है। आसपास मौजूद लोगों की मदद से पुलिस ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांसाबेल पहुंचाया।

#### डॉक्टरों ने किया हायर सेंटर रेफर

सीएचसी में मौजूद डॉक्टरों के अनुसार, पवन गुप्ता के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।

#### पुलिस ने किया ट्रक जब्त

सूचना मिलते ही कांसाबेल पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# हवाई हादसे में घायल यात्री सुशांत विश्वाल की मौत, एयरलिफ्ट से पहले थमी सांसें

**राउरकेला।** शहर के वेदव्यास निवासी 46 वर्षीय सुशांत विश्वाल ने हवाई हादसे के बाद करीब एक सप्ताह तक जीवन और मृत्यु से संघर्ष करते हुए 17 जनवरी की शाम अंतिम सांस ली। प्लेन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुशांत को भुवनेश्वर एयरलिफ्ट करने की तैयारी चल रही थी, लेकिन उससे पहले ही उनकी हालत अचानक बिगड़ गई और कार्डियाक अरेस्ट से उनका निधन हो गया। बीते 10 जनवरी की दोपहर वन इंडिया एयर के नाइन सीटर विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण जोल्डा ए ब्लॉक क्षेत्र में क्रैश लैंडिंग करानी पड़ी थी। इस हादसे में विमान क्षतिग्रस्त हो गया था। पायलटों की सूझबूझ से बड़ा नुकसान टल गया, लेकिन विमान में सवार राउरकेला के सुशांत विश्वाल, अनिता साहू, भुवनेश्वर के सुनील अग्रवाल व सबिता अग्रवाल तथा पायलट कैप्टन नवीन खड़ंगा और कैप्टन तरुण श्रीवास्तव घायल हो गए थे।



सभी घायलों का इलाज राउरकेला के जेपी अस्पताल में चल रहा था। गंभीर रूप से घायल सुशांत वेंटिलेटर पर थे। उनकी हालत को देखते हुए एयर एम्बुलेंस से भुवनेश्वर ले जाने की व्यवस्था की गई थी और शनिवार दोपहर एयर एम्बुलेंस भी राउरकेला पहुंच चुकी थी। इसी बीच उनकी स्थिति अत्यधिक नाजुक हो गई और तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। अन्य घायलों में सुनील अग्रवाल और उनकी पत्नी सबिता को उनकी इच्छा पर एयर एम्बुलेंस से मुंबई रेफर किया गयाए जबकि अनिता साहू और दोनों पायलटों का इलाज अभी जेपी अस्पताल में जारी है।

# वेदव्यास में कांच के झूलता पुल के बजाए बनेगा सीमेंट का पुल

- अनुमानित लागत थी 35 करोड़, सुरक्षा कारणों से लिया फैसला

**राउरकेला।** वेदव्यास में लगभग 450 मीटर लंबे झूलते पुल के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2014 में करीब 25 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। लेकिन तत्कालीन बीजद सरकार की अनुमति न मिलने के कारण यह राशि उपयोग में नहीं आ सकी और अंततः वापस चली गई। हाल ही में 29 मार्च को राज्य के कानून, सड़क एवं भवन निर्माण मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने राउरकेला दौरे के दौरान वेदव्यास में अत्याधुनिक कांच का झूलता पुल बनाने की घोषणा की थी।

इसके लिए लगभग 35 करोड़ रुपए खर्च होने की बात कही गई थी। घोषणा को छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य शुरू करने के लिए अब तक एक ईंट भी नहीं रखी गई। अब सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए सरकार ने अपना निर्णय बदल लिया है। कांच के पुल के स्थान पर अब पैदल चलने के लिए सीमेंट का पुल बनाया जाएगा। सरकार के इस अचानक फैसले के सार्वजनिक होने के बाद शहर के विभिन्न वर्गों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। वेदव्यास पीठ विकास मंच के महासचिव विभूति भूषण दास ने कहा है कि यदि सरकार ऐसा करती है तो मंच की ओर से कड़ा विरोध किया जाएगा। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा कारणों से ही ऐसा निर्णय लेना था, तो पहले विभागीय मंत्री को शहरवासियों से अत्याधुनिक कांच के पुल का वादा नहीं करना चाहिए था। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह झूलते पुल परियोजना पर पुनर्विचार करे और इसे साकार करने के लिए नीतिगत निर्णय ले।

रघुनाथपाली विधायक दुर्गाचरण तंती ने कहा कि उन्हें ऐसे किसी निर्णय की जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि विधानसभा में उनके प्रश्न के उत्तर में विभागीय मंत्री ने जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की बात कही थी। यदि वास्तव में ऐसा कोई बदलाव हुआ है तो वे इस संबंध में मंत्री से चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि 29 मार्च को राउरकेला दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने वेदव्यास में लगभग 38 करोड़ रुपये की लागत से झूलता पुल, राउरकेला में एक नया रिंग रोड तथा राउरकेला से जलेश्वर तक चार लेन सड़क सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी थी। इससे पहले केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम और राउरकेला के पूर्व विधायक दिलीप राय भी कई बार पूर्व मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर झूलते पुल के निर्माण की मांग कर चुके थे। इतना ही नहीं, वेदव्यास पीठ विकास मंच के प्रतिनिधियों ने राउरकेला विधायक शारदा प्रसाद नायक से भी मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी।

## जुबिली पार्क में 58वां वार्षिक उद्यान शो में उमड़ी भीड़

**राउरकेला।** जुबिली पार्क, राउरकेला में आयोजित 58वां वार्षिक उद्यान हॉर्टिकल्चर शो 2026 प्रतियोगिता इस वर्ष प्रकृति की सुंदरताए रचनात्मक नवाचार और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का एक अद्भुत संगम बनकर सामने आया। रंग बिरंगे पुष्पों, सुसज्जित उद्यानों और कलात्मक प्रस्तुतियों ने इस आयोजन को दर्शकों के लिए यादगार बना दिया। इस दो दिवसीय पुष्प महोत्सव का उद्घाटन राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैंए बल्कि समाज में सौंदर्यबोध और रचनात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करते हैं। उद्यान शो में विभिन्न श्रेणियों के फूलोंए सजावटी पौधों, लैंडस्केप डिज़ाइनों और नवाचारपूर्ण पुष्प संरचनाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और तकनीकी कौशल से दर्शकों और निर्णायकों को समान रूप से प्रभावित किया।



## भाजपा जनकल्याण मंच का विस्तार प्रदेश, जिला स्तर पर नई नियुक्तियाँ

**रायगढ़।** भाजपा जनकल्याण मंच द्वारा छत्तीसगढ़ में संगठन को और अधिक सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण संगठनात्मक विस्तार किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रचारक पिंटू सिंह की अनुशंसा पर समाज और राष्ट्रहित में निरंतर सेवाओं को देखते हुए कई प्रमुख नियुक्तियाँ की गई हैं। यह नियुक्तियाँ भाजपा जनकल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक दर्शन आर शाह द्वारा की गई हैं। घोषित आदेश के अनुसार श्याम गुप्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेश सचिव परमजीत सिंह भाटिया को छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में नरेश गोरख को जिला अध्यक्ष, संतोष साहनी को जिला उपाध्यक्ष, अरुण कुमार सिंह को जिला महामंत्री तथा सनी सिंह राजपूत को जिला मंत्री। मनीष शर्मा को सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र में सभी पदाधिकारियों के सामाजिक कार्यों, संगठन के प्रति समर्पण एवं राष्ट्रहित में योगदान को सराहनीय बताया गया है। उन्हें संगठन के उद्देश्यों को जन जन तक पहुँचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें भारतीय संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति निष्पक्ष रूप से कार्य करना शामिल है।



## तामड़ा ग्राम पंचायत में हुआ एएमए पुलिस बैठक

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ जिले की तामड़ा ग्राम पंचायत में पुलिस और स्थानीय जनता के बीच समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से चांदीपोश पुलिस द्वारा एएमए एरिया मैनेजमेंट अप्रोच पुलिस बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सरपंच, पीआरआई सदस्य, तामड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीण तथा संबंधित पुलिस क्षेत्र के बीट अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और सामुदायिक प्रतिनिधियों से सीधे संवाद किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनभागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। चर्चा के दौरान स्थानीय कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं, जनसुरक्षा से संबंधित चिंताओं तथा ग्रामीणों के दैनिक जीवन में आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। पुलिस अधिकारियों ने संदिग्ध गतिविधियों, अपराध रोकथाम और क्षेत्र में शांति व सद्भाव को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों से संबंधित सूचनाओं को समय पर साझा करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



# वार्षिक पक्षी गणना प्रारंभ, 17 जलाशयों में 17 टीमें कर रही हैं काम

**सुंदरगढ़।** राज्य भर में आयोजित वार्षिक पक्षी जनगणना आज से औपचारिक रूप से शुरू हो गई है, जिसमें राउरकेला वन प्रभाग भी सक्रिय रूप से शामिल है। राउरकेला क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण पर्यावरणीय अभ्यास 17 चिन्हित जलाशयों एवं जलस्त्रोतों पर किया जा रहा है, जहां वन अधिकारियों और कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी देखने को मिल रही है।

पक्षी गणना की प्रक्रिया आज सुबह लगभग 6.30 बजे आरंभ हुई। इस कार्य के लिए कुल 17 विशेष टीमों का गठन किया गया है। जनगणना को सुचारू, वैज्ञानिक और सटीक ढंग से संपन्न कराने हेतु राउरकेला वन प्रभाग के 285 फील्ड कर्मचारियों को तैनात किया गया है।



इस पूरे अभियान की निगरानी सहायक वन अधिकारी श्री सुरजीत कुमार साहू और गजेंद्र पाल सिंह माथुर द्वारा की जा रही है। वहीं, राउरकेला वन प्रभाग में संपूर्ण पक्षी जनगणना का संचालन प्रभागीय वन अधिकारी डीएफओ यशवंत सेठी के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। पक्षी जनगणना जिन प्रमुख जलाशयों और जलस्त्रोतों पर की जा रही है, उनमें शामिल है। मंदिरा बांध, पितामहल बांध, ब्राह्मणी नदी, कालीपोश जलाशय, बालूघाट (टारकेरा) जलाशय, कुचैता तालाब, धामनधर बांध, कांसबहाल बांध, बिशीपुर तालाब सहित अन्य जलस्त्रोत। कुल मिलाकर 17 स्थलों को इस वार्षिक गणना में सम्मिलित किया गया है। वार्षिक पक्षी जनगणना राज्य में पक्षी विविधता का आकलन, प्रवासी पक्षियों की आबादी की निगरानी तथा भविष्य की संरक्षण योजनाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस गणना से प्राप्त आंकड़े वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता प्रबंधन के लिए एक ठोस आधार प्रदान करते हैं।

# चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा का प्रमुख औद्योगिक केंद्र राउरकेला राज्य के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान देता है। नगर निगम और इस्पात नगरी क्षेत्र को मिलाकर यहां की आबादी 9 लाख से अधिक हो चुकी है, इसके बावजूद शहर आज भी बुनियादी चिकित्सा शिक्षा और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है। मौजूदा हालात में राउरकेला के लिए नया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है। राज्य के कई जिलों में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की स्थापना की जा रही है, लेकिन राउरकेला को केवल घोषणाओं और अधूरे वादों तक सीमित रखा गया है। इसकी न्यायसंगत मांग को लगातार नजरअंदाज कर अन्य जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका परिणाम यह है कि गंभीर रोगों के इलाज के लिए यहां के लोगों को लगभग 400 किलोमीटर दूर बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है जो निश्चित ही दुर्भाग्य का विषय है।



#### प्रधानमंत्री की घोषणा आज भी अधूरी

1 अप्रैल 2015 को अपने पहले राउरकेला दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेल द्वारा संचालित इस्पात जनरल अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में विकसित करने की घोषणा की थी। इसके तहत इस्पात मंत्रालय द्वारा एनबीसीसी के माध्यम से लगभग 294.82 करोड़ रुपये की लागत से नया अस्पताल भवन तैयार किया गया, जिसका उद्घाटन 21 मार्च 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। बाद में दिसंबर 2022 में इस अस्पताल का संचालन और रखरखाव निजी संस्था अपोलो हॉस्पिटल्स को सौंप दिया गया। 1 मार्च 2023 से अपोलो ने प्रबंधन संभाला और 18 अक्टूबर 2023 से यह मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल औपचारिक रूप से शुरू हुआ। लेकिन प्रधानमंत्री की मूल घोषणा का सबसे अहम हिस्सा—पोस्ट ग्रेजुएट संस्थान सहित मेडिकल कॉलेज—आज तक धरातल पर नहीं उतर सका। अस्पताल तो निजी माध्यम से चालू हो गया, पर मेडिकल कॉलेज की योजना को पूरी तरह भुला दिया गया।




# 'स्पिरिट' की रिलीज तारीख का ऐलान..

**मुंबई।** सुपरस्टार प्रभास की हालिया रिलीज फिल्म 'द राजा साब' लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही। इस बीच, अभिनेता ने अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'स्पिरिट' से जुड़ी सबसे बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। सोशल मीडिया पर आधिकारिक ऐलान करते हुए फिल्म की रिलीज तारीख का खुलासा किया गया है। संदीप रेड्डी वांगा में बन रही 'स्पिरिट' का पहला पोस्टर नए साल के पहले दिन जारी हुआ था। रिलीज का ऐलान होने से प्रशंसक डबल उत्साहित हो गए हैं। प्रभास की 'स्पिरिट' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है जिसका हिस्सा तृप्ति डिमरी और विवेक ओबेरॉय भी हैं।

लाइफ Style



# मृणाल

## फरवरी में सात फेरे लेने का दावा

साउथ सुपरस्टार धनुष और मृणाल ठाकुर की कथित प्रेम-कहानी काफी समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दोनों दुनिया की नजरों से छिपकर एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नई जानकारी और चौंकाने वाली है, क्योंकि दावा है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक नाम देने की तैयारी में हैं। फरवरी में वैलेंटाइन डे के खास मौके पर मृणाल, 9 साल बड़े धनुष से शादी कर सकती हैं। मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन डे को धनुष और मृणाल एक निजी समारोह में शादी की योजना बना रहे हैं। इस समारोह में सिर्फ दोनों सितारों का परिवार और करीबी रिश्तेदार शामिल होंगे। हालांकि, इन रिपोर्ट्स पर दोनों में से किसी ने भी आधिकारिक बयान नहीं दिया है और न कई दिनों से चल रहे अपने कथित रिश्ते की पुष्टि की है। इसलिए इन दावों में कितनी सच्चाई है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

धनुष और मृणाल के डेटिंग की खबरों ने 'सन ऑफ सरदार 2' की स्क्रीनिंग के दौरान जोर पकड़ा था, जब दोनों सितारों को एक साथ कैमरे में कैद किया गया। इसके बाद, मृणाल के जन्मदिन पर धनुष को उनका हाथ थामे और मुस्कुराते हुए देखा गया। यही नहीं, धनुष और कृति सैनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप-अप पार्टी में मृणाल ने पहुंचकर लोगों को चौंका दिया। बस यहीं से दोनों के कथित रिश्ते के किस्से शुरू हो गए।

हॉलीवुड मसाला



# ट्रंप के टैरिफ से सिनेमा में मचा हड़कंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पूर्व ही घोषणा की है कि अमेरिका के बाहर बनी सभी फिल्मों पर अब 100% तक का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप का कहना है कि यह अहम कदम अमरीकी फिल्म उद्योग को फिर से मजबूत करना और 'मेड इन अमेरिका' नीति को आगे बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है। ट्रंप के इस कदम से न केवल हॉलीवुड बल्कि ग्लोबल सिनेमा में हड़कंप मचा हुआ है। दरअसल, ट्रंप का कहना है कि विदेशों में बनी फिल्मों ने अमरीका से फिल्म निर्माण का कार्य छीन लिया है, ठीक वैसे ही जैसे किसी बच्चे से उसकी कैंडी छीन ली हो।




# हॉलीवुड स्टार जॉन सीना भी हैं शाहरुख के दीवाने

**लॉस एंजिलस।** शाहरुख खान बॉलीवुड के ही नहीं बल्कि हॉलीवुड के दिलों के भी बादशाह हैं। ये तो सब जानते है कि शाहरुख खान के फैंस दुनियाभर के हर एक कोने में मौजूद हैं। लेकिन जब आप ये सुनेंगे कि एक हॉलीवुड स्टार भी बादशाह खान का फैन है तो आप जरुर हैरान होंगे। हम जिस हॉलीवुड स्टार की बात कर रहे हैं वो हैं जॉन सीना, जो किंग खान के कितने बड़े है ये उन्होंने हाल ही में साबित कर दिया है। यूं तो जॉन को कई दफा बॉलीवुड के बादशाह की तारीफ करते देखा जा चुका है लेकिन अब उन्होंने शाहरुख के लिए जो किया है वो देख आप देखते रह जाएंगे। डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और हॉलीवुड एक्टर जॉन सीना का एक वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक कार्यक्रम में शाहरुख का गाना 'भोली सी सूरत' गाते हुए दिखाई दे रहे हैं।



# जुनैद की 'एक दिन' से बॉलीवुड में डेब्यू

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी अगली फिल्म 'एक दिन' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का पोस्टर जारी करने के बाद निर्माताओं ने टीजर जारी कर दिया है जो लोगों का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म के जरिए साई बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म के टीजर में जुनैद के साथ उनकी केमिस्ट्री शानदार नजर आ रही है। सुनील पांडे द्वारा निर्देशित 'एक दिन' रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है जो 1 मई, 2026 को रिलीज होगी। 'एक दिन' के टीजर की शुरुआत दोनों मुख्य कलाकारों से होती है जहां वह खुद को शीशे में निहार रहे हैं। जुनैद कहते हैं, 'तुम्हारी मुस्कुराहट मुझे बहुत अच्छी लगती है मीरा। तुम्हारा दिल जीतूंगा या नहीं ये नहीं पता'। इसके बाद दोनों की खूबसूरत प्रेम दिखती है, लेकिन जल्द उनका ये सपना टूट जाता है।



# 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' से टीवी पर वापसी

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'खिलाड़ी' अक्षय कुमार हर साल अपनी फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। इस बार वह टीवी पर भी यह जिम्मेदारी उठाते दिखेंगे क्योंकि उनका नया गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' आ रहा है। काफी समय से चर्चा बटोर रहा यह रियलिटी शो इसी महीने यानी, जनवरी में अपनी स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। निर्माताओं ने शो का प्रोमो और स्ट्रीमिंग तारीख जारी कर दी है। यह क्लासिक शब्द खेल हैंगमैन पर आधारित है। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रोमो के साथ कैप्शन दिया गया, 'किस्मत आपकी, पैसा चैनल का...और ढेर सारी मस्ती मेरी तरफ से।' अक्षय ने होस्ट की जिम्मेदारी संभाली है जो प्रतियोगियों को पुरस्कार राशि जीतने का मौका देंगे। यह शो 27 जनवरी से सोनी लिव और सोनी टीवी पर रात 9 बजे प्रसारित होगा।

टीवी मसाला



# कसम से सीरियल की तीन बहनें अब कैसी दिखती हैं बानी, पिया और रानो

**नई दिल्ली।** टीवी और बॉलीवुड जगत की मशहूर प्रोड्यूसर एकता कपूर के लोकप्रिय सीरियल 'कसम से' ने अपने रिलीज के 20 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर एकता कपूर ने यादों को ताजा किया जो लोग नहीं जानते उन्हें बता दें कि यह सीरियल 16 जनवरी 2006 को पहली बार जी टीवी पर प्रसारित किया गया था।

***तीन बहनों की थी कसम से की कहानी :*** टीवी सीरियल की कहानी तीन बहनों- बानी, पिया और रानो के ईर्द-गिर्द घूमती है, जिनके जीवन में जय वालिया के आने से कई बदलाव आते हैं और उनकी आपसी बॉन्डिंग व रिश्तों की कसौटी को दिखाया गया था। इसमें प्राची देसाई ने बानी का किरदार निभाया था, जबकि राम कपूर ने जय वालिया का किरदार निभाया था। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आई थी।

***ये अभिनेत्रियां बनीं थीं तीन बहनें :*** इस सीरियल में राम कपूर और प्राची देसाई (बानी) के अलावा, रोशनी चोपड़ा (पिया), अरुनिमा शर्मा (बानो) जया भट्टाचार्य, और अश्विनी कलसेकर (जिज्ञासा) जैसे कलाकार भी शामिल थे। यह सीरियल साल 2009 तक प्रसारित हुआ था। एकता कपूर ने इसे बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले रिलीज किया था।

***शो से बॉलीवुड पहुंचे बानी और राम:*** यह शो जी टीवी पर काफी सफल रहा और इसने मुख्य किरदार प्राची देसाई को अच्छी पहचान दिलाई थी, बल्कि राम कपूर को भी घर-घर में मशहूर किया था। इस शो के बाद राम कपूर 'बड़े अच्छे लगते हैं' और प्राची देसाई ने बॉलीवुड फिल्मों जैसे 'रॉक ऑन' से अपनी पहचान बनाई। वहीं राम कपूर ने कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर अपनी अलग पहचान बना ली है।

## तलाक के बाद माही विज ने छोड़ा सहर होने को है सीरियल

**नई दिल्ली।** टीवी की स्टार एक्ट्रेस माही विज एक बार फिर चर्चा में हैं। हाल ही में वह टीवी के पॉपुलर एक्टर और पूर्व पति जय भानुशाली संग तलाक की खबरों से खूब चर्चा में रही थीं। अब उनके चर्चा में आने की वजह है कि वह टीवी शो 'सहर होने को है' को बहुत जल्द छोड़ सकती हैं। इस बीच यह भी कहा जा रहा है कि वह एक नए रियलिटी शो में हिस्सा ले सकती हैं, जो बहुत जल्द ऑन एयर होने वाला है। माही का नाम इस शो से तब से जुड़ रहा है, जब से वह एंडेमोल के ऑफिस पर स्पॉट हुई हैं। फिलहाल एक्ट्रेस ने अपनी इस विजिट और नए शो में जाने की अटकलों पर चुप्पी साधी हुई है। वहीं, इस नए रियलिटी शो के मेकर्स और चैनल की तरफ से भी कोई बयान नहीं आया है। चलिए जानते हैं किस नए शो में माही विज एंट्री लेने जा रही है।



# 'हैप्पी पटेल' पड़ी 'राहु केतु' पर भारी बॉक्स ऑफिस पर वीर दास ने मारी बाजी

*मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर जब 2 कॉमेडी फिल्में आपस में टकराती हैं तो मुकाबला हमेशा दिलचस्प होता है। इस शुक्रवार आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी वीर दास अभिनीत 'हैप्पी पटेल' और वरुण शर्मा-पुलकित सम्राट की जोड़ी वाली 'राहु केतु' के बीच जबरदस्त भिड़ंत देखने को मिली। हालांकि, वीर दास की अतरंगी कॉमेडी के आगे 'फुकरे' वाले वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट की फिल्म 'राहु केतु' बेअसर साबित हुई है।*

## 'राहु केतु' को पीछे छोड़ आगे निकली 'हैप्पी पटेल'

रिपोर्ट के मुताबिक, इस टक्कर में पहले दिन टिकट खिड़की पर 'हैप्पी पटेल' ने हल्की बढ़त बना ली है। इसने देशभर में करीब 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरी ओर 'राहु केतु' भी कमाई के मामले में पीछे नहीं रही और फिल्म ने पहले दिन लगभग 1 करोड़ रुपये जुटाए। हालांकि, दोनों फिल्मों की कमाई में ज्यादा बड़ा अंतर नहीं है, जिससे आने वाले दिनों में बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला और रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।



## क्या है 'हैप्पी पटेल' की कहानी?

आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी 'हैप्पी पटेल' अपनी अतरंगी कहानी और वीर दास की जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग की वजह से चर्चा में है। ये एक स्पाय-कॉमेडी फिल्म है। ये ऐसे शख्स की कहानी दिखाती है, जो गलती से जासूसी की दुनिया में फंस जाता है। इस फिल्म में शारिब हाशमी, मोना सिंह, मिलिथा पालकर और इमरान खान भी हैं, वहीं आमिर ने कैमियो किया है। खास बात है कि फिल्म का निर्देशन भी वीर दास ने ही किया है।

# 'मर्दानी 3' सेंसर बोर्ड से पास, शिवानी का अब तक का सबसे लंबा मिशन...

**मुंबई।** रानी मुखर्जी एक बार फिर 'शिवानी शिवाजी रॉय' के कड़क अंदाज में बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मर्दानी 3' ने सेंसर बोर्ड की बाधा पार कर ली है और इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट के साथ हरी झंडी मिल गई है। दिलचस्प बात है कि ये फिल्म न केवल अपने एक्शन और विषय के कारण चर्चा में है, बल्कि ये इस पूरी फ्रेंचाइजी की सबसे लंबी फिल्म भी बन गई है।

***बच्चे अकेले नहीं देख पाएंगे फिल्म :*** सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने 'मर्दानी 3' को देखने के बाद इसे यू/ए 16+ सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि 16 साल से कम उम्र के बच्चे इस फिल्म को अकेले नहीं देख पाएंगे। अगर वो ये फिल्म देखना चाहते हैं तो उन्हें माता-पिता या किसी बड़े के साथ ही सिनेमाघर जाना होगा। फिल्म में दिखाए जाने वाले डार्क विषय और गंभीर एक्शन को देखते हुए यह रेटिंग दी गई है।



## इतनी लंबी होगी 'मर्दानी 3'

'मर्दानी' सीरीज अपनी तेज रफ्तार और सटीक कहानी के लिए जानी जाती है, लेकिन इस बार दर्शकों को शिवानी शिवाजी रॉय को पहले से कहीं ज्यादा समय तक बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। 'मर्दानी 3' का कुल रनटाइम 2 घंटे, 10 मिनट और 36 सेकंड है, जिससे यह फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे लंबी फिल्म बन गई है। 'मर्दानी' का रनटाइम 1 घंटा 53 मिनट था, जबकि 'मर्दानी 2' की अवधि सिर्फ 1 घंटा 45 मिनट रही।

## सबसे बड़ा रनटाइम और सबसे पेचीदा मिशन

'मर्दानी 3' पहली फिल्म से लगभग 17 मिनट और दूसरी फिल्म से करीब 25 मिनट ज्यादा लंबी है। फिल्म का इतना लंबा रनटाइम ये संकेत देता है कि इस बार कहानी का दायरा बड़ा है और शिवानी शिवाजी रॉय का सामना जिस दुश्मन से है, वो काफी पेचीदा और खतरनाक होने वाला है। ये शिवानी शिवाजी रॉय का अब तक का सबसे लंबा मिशन होगा।

## इस साल इन फिल्मों का दर्शकों को है बेसब्री से इंतजार

# 'किंग' का राज और 'जन नायकन' की दहाड़

*मुंबई। तैयार हो जाइए, क्योंकि भारतीय सिनेमा में बड़ा धमाका होने वाला है। 2026 की शुरुआत के साथ ही आईएमडीबी यानी इंटरनेट मूवी डाटोबेस ने इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों की सूची जारी की है। एक तरफ शाहरुख खान का 'किंग' अवतार सिनेमाघरों में धमाल मचाने को तैयार है तो दूसरी तरफ थलापति विजय की आखिरी फिल्म की 'दहाड़' से पूरा बॉक्स ऑफिस थर्राने वाला है। आइए जानें इस साल दर्शकों को बॉलीवुड और साउथ की किन फिल्मों का इंतजार है।*



**'किंग':** आईएमडीबी की बहुप्रतिक्षित फिल्मों की सूची में 'किंग' पहले स्थान पर विराजमान है, जिससे ये साफ है कि शाहरुख का जादू आज भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। 'पठान' और 'जवान' के बाद प्रशंसकों को उनके एक और खतरनाक एक्शन अवतार का इंतजार है, जो इस फिल्म के साथ खत्म होने वाला है। फिल्म में शाहरुख एक गैंगस्टर के रोल में नजर आएंगे। इसके जरिए वो पहली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ स्क्रीन साझा करते दिखेंगे।

**'रामायण':** 'किंग' के बाद जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा हलचल मचाई है, वो है नितेश तिवारी की महागाथा 'रामायण पार्ट 1'। आईएमडीबी की सूची में इसे दूसरा स्थान मिलना यह दर्शाता है कि दर्शक भारतीय संस्कृति और आधुनिक सिनेमा के इस मिलन को देखने के लिए कितने उत्साहित हैं। रणबीर कपूर की 'रामायण' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट मानी जा रहा है। साई पल्लवी इसके जरिए बॉलीवुड में कदम रख रही हैं।



**'जन नायकन और 'स्पिरिट':** सूची में तीसरे नंबर पर काबिज है थलापति विजय की फिल्म 'जन नायकन', जो उनकी आखिरी फिल्म है। इसके बाद विजय पूरी तरह राजनीति में कदम रखेंगे, जिसके कारण उनके लाखों फैंस इस फिल्म को ऐतिहासिक बनाने के लिए बेताब हैं। उधर चौथे स्थान पर अपनी जगह पक्की है प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट' ने। फिल्म में प्रभास पुलिस अफसर के किरदार में दिखेंगे। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' वाले संदीप रेड्डी वांगा ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।




**'टॉक्सिक' और 'बैटल ऑफ गलवान':** 'केजीएफ 2' के बाद दर्शक जिस चेहरे को देखने के लिए तरस रहे थे, वो अब 'टॉक्सिक' के साथ लौट रहा है। आईएमडीबी की सूची में यश की इस फिल्म ने पांचवें पायदान पर कब्जा किया है। फिल्म में यश के साथ कियारा आडवाणी नयनतारा, तारा सुतारिया और हुमा कुरैशी भी हैं। छठे स्थान पर सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' है, जिसमें वो एक जांबाज आर्मी ऑफिसर के किरदार में देश के हीरो की कहानी पर्दे पर उतारेंगे।



***ये फिल्में भी हैं सूची में शामिल :*** सूची में 7वें स्थान पर आलिया भट्ट की अल्फा और 8वें नंबर पर रणवीर सिंह की सबसे बड़ी फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल 'धुरंधर 2' है। 9वें स्थान पर सनी देओल की 'बॉर्डर 2' है तो 10 नंबर पर तमिल फिल्म 'लव इंश्योरेंस कंपनी' है।

## खबर संक्षेप



### पंचतत्व राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन

**राउरकेला।** सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति समर्पित संस्था पंचतत्व द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम का भव्य और सफल समापन हो गया। संस्था के प्रमुख जनमेजय महांति के नेतृत्व तथा झिलिमा महांति के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव में कला, साहित्य और रंगमंच की विविध विधाओं का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में प्रज्ञा परमिता दास, स्मिता मिश्रा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। अतिथियों ने पंचतत्व के इस प्रथम राष्ट्रीय प्रयास की सराहना करते हुए संस्था की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता और आयोजन की प्रशंसा की। महोत्सव के दौरान नृत्य, संगीत, अंतर विद्यालय स्तरीय निबंध, भाषण, ड्राइंगए राइम्स, फैंसी ड्रेस, हस्तलेखन, मॉडलिंग सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच से अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि विभिन्न राज्यों से आई रंगमंच संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत नाटकों का मंचन रहा।

### क्योंझर पुलिस ने 46 स्थानों पर की छापेमारी

**राउरकेला।** अवैध मवेशी व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्योंझर पुलिस की कई टीमों ने विभिन्न जिलों में एक साथ 46 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान करोड़ों रुपये नकद सोने के आभूषण और अन्य अवैध संपत्तियां बरामद की गई हैं। यह समन्वित अभियान क्योंझर जिले के हरिचंदनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संतरापुर, कलियाहाटा, तेलकोई, घसीपुरा, तुरुमुंगा और जमुजोडी सहित विभिन्न इलाकों में संदिग्ध अवैध मवेशी व्यापारियों के आवासों पर चलाया गया। इसके अलावा मयूरभंज जिले के बिसोई, करंजिया, झारपोखरिया, टेंटोपोसी, चाडेइभोल, केंद्रेई और ठाकुरमुंडा में भी छापेमारी की गई। जाजपुर जिले के कोरई क्षेत्र तथा भद्रक जिले के कुछ हिस्सों में भी पुलिस ने कार्रवाई की। इस व्यापक अभियान का नेतृत्व दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों एडिशनल एसपी ने किया। इसमें पांच उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी 25 निरीक्षक, 36 उपनिरीक्षक और सहायक उपनिरीक्षक शामिल थे। छापेमारी को सुचारू रूप से संचालित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की 18 प्लाटून तैनात की गई थीं।

### सरकारी कामों में बाहरी दखल अंदाजी से नाराज़गी

**राउरकेला।** सरकारी कार्यालय में सरकारी कार्य बाहरी निजी लोगों से कराए जाने और पानपोष स्थित समन्वित आदिवासी विकास संस्था आईटीडीए में परियोजना अधिकारी के समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने को लेकर रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तंती नाराज़ हो गए हैं। घटना के अनुसार, पिछले गुरुवार को रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तंती आईटीडीए, पानपोष कार्यालय पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि परियोजना अधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं हैं और उनके कक्ष में कुछ बाहरी लोग प्रवेश कर सरकारी दस्तावेजों पर काम कर रहे हैं। इस पर विधायक तंती ने कड़ी नाराजगी जताई और परियोजना अधिकारी को अपने मोबाइल से फोन किया। आईटीडीएपरियोजना अधिकारी श्रीमती किसपट्टा ने घर से फोन उठाकर बताया कि कार्यालय में कर्मचारियों की कमी होने के कारण उन्हें रात तक फाइलों का काम करना पड़ा, इसलिए देर हो गई। विधायक तंती ने उनसे सवाल किया कि कार्यालय में बाहरी लोग घुसकर सरकारी काम कैसे कर रहे हैं? इस पर श्रीमती किसपट्टा ने जवाब दिया कि कुछ बिल लंबित थे, इसलिए कुछ लोगों को बुलाकर उनसे काम कराया जा रहा है। विधायक ने आगे पूछा कि क्या इसके लिए कलेक्टर से अनुमति ली गई थी कि सरकारी कार्य बाहरी लोगों से कराया जाए, इस सवाल पर आईटीडीएअधिकारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकीं।

### जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रतिभागी, धरमजयगढ़ में आयोजन

# 65 शिक्षक हुए योग के सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान से रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने एवं नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से 13 से 17 जनवरी तक डाइट धरमजयगढ़ में जिला स्तरीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रखा गया था। इस योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिलों से 65 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों को योग के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना था, ताकि वे विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत करा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत योग को शिक्षा के पाठ्यक्रम का एक अभिन्न हिस्सा माना गया है। इसी क्रम में यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।




ट्रेनिंग के बाद प्रमाण पत्र के साथ शिक्षक।

डाइट धरमजयगढ़ के प्राचार्य अनिल पैकरा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान तीन प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स जुगेंद्र साहू, ऊषा पटनायक एवं होलिका राठिया के द्वारा प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं योग की मूल अवधारणाओं का पांच दिनों तक क्रमबद्ध एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डाइट के समस्त अकादमिक सदस्यों एवं कार्यालयीन सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# ठंड से राहत के लिए 117 हास्टल के 5 हजार बच्चों को मिला स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुदूर वनांचल क्षेत्रों में संचालित आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए किसी नए बजट का इंतजार नहीं किया गया, बल्कि उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से 5027 बच्चों को गर्म स्वेटर उपलब्ध कराए गए।


जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने निर्देश दिए कि प्री मैट्रिक छात्रावासों में शिष्य वृत्ति राशि से बची हुई रकम का उपयोग बच्चों की तत्काल आवश्यकताओं के लिए किया जाए। इस बचत राशि का उपयोग ठंड से बचाव के लिए स्वेटर वितरण में करने का निर्णय लिया गया,। जिले के 117 आदिवासी छात्रावासों एवं आश्रमों में रहने वाले 5027 बच्चों को गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण स्वेटर वितरित किए गए। ठंड से राहत मिलने के बाद बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है और उनकी पढ़ाई पहले की तुलना में अधिक नियमित हुई है।

# गौ विज्ञान परीक्षा को सफल बनाने शिक्षक ने चलाया सम्पर्क अभियान

**घरघोड़ा।** गौ माता के संरक्षण संवर्धन एवं भारतीय संस्कृति को लेकर आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में अधिकाधिक भाग लेने वाले विद्यार्थी उपस्थित हो इसके लिए शासन अपने स्तर से प्रयास कर रहा है।

■ आज होगी प्रदेश के विद्यालयों मे परीक्षा

इसके लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शास कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में कार्यरत शिक्षक विजय पंडा ने रविवार अवकाश के दिन संबंधित छात्राओं एवं उनके पालकों से सम्पर्क जन जागरूकता अभियान चलाते हुए उनके घर-घर जाकर गौ परीक्षा एवं गौ माता के महात्मय को बताया। जिससे छात्राओं, लोगों के मध्य उत्साह एवं गौ माता के मध्य श्रद्धा का वातावरण निर्मित हुआ। छात्राओं को प्रदत्त गाय धर्म और विज्ञान उपयोगी पुस्तक को परीक्षा पश्चात पालकों को भी पढ़ने का अनुरोध किया। ज्ञात हो की उक्त परीक्षा को सफल बनाने हेतु शिक्षक विजय पंडा ने निजि खर्चे से ही विद्यालय के शत प्रतिशत छात्राओं का नामांकन करवा डाला था जहाँ की दर्ज संख्या 101 है। जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ एवं जिला परियोजना समन्वयक के निर्देशन में एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा स्रोत समन्वयक मनोज प्रधान प्रधानपाठक अखिलेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शिक्षक ने स्थानीय नगर पंचायत के वार्डों में संम्पर्क अभियान चलाकर एक सकारात्मक मार्ग प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। 19 जनवरी को प्रदेश में एक साथ गौ विज्ञान की परीक्षा होगी द्यइस दिन गौ राष्ट्र एवं जगत कल्याण के लिए सामूहिक रूप से सुरभ्यै नमः का जाप भी एक साथ किया जाएगा।



### डबल कैज़व्हील में पट्टी नहीं लगी तो पुलिस कर सकती है ट्रेक्टर जब्त

**सारंगढ़।** रबी का मौसम शुरू हो गया है, जिले के सड़कों को बचाने के लिए डबल कैज़व्हील में पट्टी लगाना होगा। इससे सड़क ख़राब नहीं होगा और आवागमन में सड़क सुविधा बरकरार रहेगा। काफ़ी मशक्क़त के बाद एक सड़क बनता है, ऐसे में जब हमारे शहर और गांव के किसान, नागरिक जब खुद ही सड़क खराब करने लगे तो जुर्माना किया जाएगा, लेकिन सड़क खराब होने से बचाने के लिए डबल कैज़व्हील चालकों को रोकना, मना करना और नहीं मानने पर थाना और तहसीलदार के माध्यम से गाड़ी जब्त करना होगा। सरिया तहसील अंतर्गत ग्राम मानिकपुर, बोन्दा, सांकरा एवं सरिया मे डबल कैज़ेव्हील युक्त ट्रेक्टर को मुख्य सड़को पर चलाने वाले वाहन मालिकों के विरुद्ध जब्ती और चलानी कार्रवाई किया जा चुका हैं। नगर पंचायत सरिया में तहसील के समस्त ग्राम के सरपंच, सचिव एवं पटवारी का बैठक में कैज़ेव्हीलयुक्त ट्रैक्टर, वाहनों को सड़को पर नहीं चलाने निर्देश दिया गया है।

# जलजीवन मिशन से बदला ग्रामीणों का जीवन, रेगांव में सपना साकार

**रायगढ़।** जिले के तमनार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम-उत्तर रेगांव में सुरक्षित पेयजल की समस्या पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। जिला प्रशासन रायगढ़ के प्रभावी क्रियान्वयन और सतत निगरानी के चलते आज गांव के प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुँच रहा है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत आज उत्तर रेगांव में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

ग्रामीणों में शासन की योजनाओं के प्रति विश्वास और सहभागिता बढ़ी है। यह मिशन प्यास बुझाने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान कर रहा है। आज उत्तर रेगांव के ग्रामीण गर्व के साथ कहते हैं-जल जीवन मिशन ने हमारे सपनों को साकार कर दिया है। ग्राम उत्तर रेगांव की निवासी श्रीमती मोहरमती भगत जल जीवन मिशन की सशक्त हितग्राही बनकर उभरी हैं। योजना से पहले उन्हें प्रतिदिन घरेलू उपयोग के लिए दूर-दराज के जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर गर्मी के दिनों में पानी की तलाश में लगने वाला समय, श्रम और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता था। जल जीवन मिशन के अंतर्गत उनके घर नल जल कनेक्शन मिलने के बाद अब शुद्ध और सुरक्षित पेयजल घर पर ही उपलब्ध है। श्रीमती भगत बताती हैं कि इससे न केवल समय की बचत हुई है, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है और जलजनित बीमारियों का खतरा काफी हद तक कम हुआ है। आज वे अतिरिक्त समय का उपयोग घरेलू, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में कर पा रही हैं।




#### महिला सशक्तिकरण का मिसाल बना रेगांव

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम उत्तर रेगांव में जल स्रोतों का सुदृढ़ीकरण, पाइपलाइन विस्तार, नल कनेक्शन स्थापना और जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी की गई है। इस सुनियोजित क्रियान्वयन ने ग्रामीण महिलाओं को सबसे अधिक राहत दी है, जिन्हें पहले पानी लाने की जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी। जल जीवन मिशन केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में स्थायी परिवर्तन की नींव है।

### भेंगारी में ज्ञान प्रतिभा अभियान का आयोजन

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा ब्लॉक के भेंगारी स्कूल परिसर में ज्ञान प्रतिभा अभियान के तहत निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षावार विविध विन्दुओं को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के तहत जीवन में शिक्षा का महत्व पर्यावरण प्रदूषण हानि रोकथाम के उपाय, कम्प्यूटर की उपयोगिता विषय विन्दुओं पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप वायुनंदन पाण्डेय विभागाध्यक्ष सुरक्षा एवं प्रशासन टीआरएन की उपस्थिति मे पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर सिल्वन्ति खलखो मकुन्द प्रसाद गुप्ता रामायण लाल कमलेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों को नियमित विद्यालय आने एवं आयोजित कार्यक्रमों में उत्सापूर्वक भाग लेने की बात कही गई।



# 3 साल से सीसी रोड का भुगतान नहीं, सरपंच हो रहे परेशान

**पुसौर।** बीते 2023-24 में अधो संरचना मद से स्वीकृति के बाद पुसौर जनपद के 15 पंचायतों के सरपंचों द्वारा सीसी रोड निर्माण कराए गए थे। जानकारी के मुताबिक 127.10 लाख की स्वीकृति इसमें हुई और 63.55 लाख रूपए संबंधित पंचायतों को जारी की गई। राशि आहरण कर सरपंचों ने सीसी रोड का निर्माण पूरा कर दिया, लेकिन आज लगभग 3 साल हो गए हैं बकाया 63.55 लाख मिला ही नहीं है सरपंचों का कहना है कि जहां से सीमेंट, गिट्टी बालू लिए हैं और जिन श्रमिको ने सड़क निर्माण में काम किया है वे हमारे घर के दहलीज में आ रहे हैं और राशि की मांग कर रहे हैं। राशि नहीं मिलने के कारण उनसे दूर भागना पड़ रहा है। इन 15 पंचायतों में ओडेकेरा, कांदागढ, कोडातराई, बाघाडोला, बेलपाली सहित अन्य पंचायत हैं। 22 जनवरी 2025 को जनपद कार्यालय पुसौर के जरिए शासन को राशि देने की मांग का स्मरण पत्र भेजा गया था, यह भी एक साल पूरे हो गए हैं, लेकिन राशि नहीं मिली है।






### भाजपा कार्यालय में हुई बैठक

**रायगढ़।** जिला भाजपा कार्यालय मे नगर निगम के भाजपा पार्षदों के साथ कामकाजी बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, महापौर जीवर्धन चौहान भाजपा नेता प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विवेक रंजन सिन्हा जिला भाजपा महामंत्री विकाश केडिया भाजपा वरिष्ठ नेता मुकेश जैन वरिष्ठ नेता श्रीकांत सोमावार सभी जिला प्रदाधिकारी शामिल हुए।

# कलेक्टर ने किया पीएमश्री स्कूल भवन निर्माण कार्य का अवलोकन

### छात्रों को 10वीं.12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे बरमकेला के पीएमश्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने पीएमश्री में चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन किया और गुणवत्ता के साथ निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने विद्यालय के कक्षाओं में अध्ययनरत 10वी 12वी के विद्यार्थियों से रूबरू हुए एवं बोर्ड परीक्षा में भय एवं तनाव मुक्त होकर कैसे प्रश्न पत्र को हल करें। इसके लिए उन्होंने मार्गदर्शन दिया एवं सभी विषयों के महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर को अभ्यास कापी में बार बार लिख कर अभ्यास करने को कहा। निरीक्षण के दौरान डॉ संजय ने 12वी के विद्यार्थियों को अर्धवार्षिक परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर को साझा करने को कहा। इसके साथ ही शिक्षकों को शत प्रतिशत रिजल्ट हेतु सख्त निर्देश दिया।

# अधिकारियों का आदेश नहीं मान रहे कर्मचारी

**पुसौर।** मुख्यालय पुसौर में स्थापित विकास कार्यो से जुड़े प्रमुख कार्यालय जनपद एवं नगर पंचायत है जिनके अधिकारियों के मौखिक एवं लिखित आदेश को उनके कर्मचारी ही नहीं मान रहे हैं। जिससे जनता का भरोसा दिनों दिन कम होने लगास है।

जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत पुसौर के सीईओ विकास कार्यो से जुडे आहुत किए गए बैठकों आदि में कुछ कर्मचारी उसका पालन नहीं कर रहे हैं। वहीं नगर पंचायत के सीएमओ के आदेश को भी सफाई से जुडे कर्मचारी अवहेलना कर रहे हैं। नगर पंचायत पुसौर के बाजार के पास स्थित मंगल भवन की सफाई के लिए सीएमओ ने निर्देश दिया था, लेंकिन सफाई किया ही नहीं गया। ज्ञात हो उक्त मंगल भवन के निर्माण की राशि आहरण हो गया है और अब भी मंगल भवन में बहुत सारे काम बाकी। नगर पंचायत को हैंड ओवर भी नहीं हुआ है, बावजूद इसके जरूरत के मुताविक नगर वासी भवन का उपयोग कर रहे हैं ।







